# पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना।
# पुलिस महानिदेशक नियंत्रण कक्ष
## बिहार विधान सभा आम निर्वाचन–2025 प्रथम चरण दिनांक 06.11.2025

**(18:00 बजे तक)**

(पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, नालंदा, भोजपुर, बक्सर, वैशाली, सारण, सिवान, गोपालगंज, समस्तीपुर, सहरसा, मधेपुरा, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, खगड़िया, बेगूसराय)

राज्य में प्रथम चरण का मतदान कार्य कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ है। संध्या 17:00 बजे तक ओवर ऑल 63.08 प्रतिशत मतदान की सूचना है। राज्य के सभी मतदाताओं ने शांतिपूर्ण तथा सुरक्षित वातावरण में मतदान किया है। देखा जाय तो कही से कोई भी गंभीर घटना अथवा बड़ी विधि–व्यवस्था की घटना प्रतिवेदित नही हुई है।

1. **गिरफ्तारी**– 1647

2. **जप्त / बरामद**–

   **वाहन**– 16

   **मोबाइल**–01

### प्रतिवेदित कतिपय घटनायें

**महत्वपूर्ण घटनाः–**

1. **लखीसराय :– वर्तमान उप मुख्यमंत्री का विरोध करते हुये ग्रामीणों द्वारा वाहन पर गोबर फेंकनाः–**

आज दिनांक 06.11.2025 को 14:00 बजे लखीसराय जिला के हलसी थाना अन्तर्गत ग्राम खुरियारी स्थित मतदान केन्द्र सं0–404 एवं 405 उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुरियारी पर माननीय वर्तमान उप मुख्यमंत्री श्री विजय सिन्हा के काफिले पर विरोध प्रदर्शन एवं पथराव की सूचना मीडिया से प्राप्त हुई।

सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल पर जाकर स्थिति का आकलन एवं स्थल निरीक्षण किया और पाया कि माननीय उप मुख्यमंत्री के वाहन पर पथराव नही अपितु गोबर फेका गया था।

प्राप्त सूचनानुसार खुरियारी गाँव के ग्रामीणों ने प्रस्तावित सड़क निमार्ण कार्य मे देरी, कच्ची क्षतिग्रसत सड़कों तथा जल जमाव की समस्या को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुये माननीय उप मुख्यमंत्री के विरोध में नारेबाजी की। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रुप से संचालित हो रही है।

है।

**2. सारण :– वर्तमान माननीय माँझी सी0पी0एम0 विधायक के वाहन पर हमलाः–**

आज दिनांक 06.11.2025 को 12:29 बजे दाउदपुर थाना के ग्राम जैतपुर स्थित मतदान केन्द्र सं0–42 एवं 43 में सी0पी0एम0 विधायक माँझी डॉ0 सत्येन्द्र यादव के द्वारा मतदान केन्द्र का निरीक्षण के क्रम में स्थानीय व्यक्तियों द्वारा इनका विरोध किया गया। असमाजिक तत्व द्वारा वाहन का शीशा क्रैक कर दिया गया। माननीय विधायक पूर्णतः सुरक्षित है। घटनास्थल पर अतिरिक्त बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर–2 ने वहाँ कैम्प किया। मतदान की प्रक्रिय शांतिपूर्ण है।

इस संबंध में दाउदपुर थाना कांड सं0–277/25 दिनांक 06.11.2025 धारा–191(2)/126(2)/115(2)/352/324(4) भा0न्या0सं0 एवं 131 आर0पी0 एक्ट के अन्तर्गत अज्ञात के विरुद्ध अंकित किया गया।

इस घटना में किसी को जख्मी होने की सूचना नहीं है।
अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## विविध घटनाः—

1. **दरभंगा :— राजद समर्थित लोगों द्वारा बसपा एवं भाजपा के पोलिंग एजेन्ट के घर पर जाकर परिवार वालों को धमकी देना/02 लोगों को निरुद्ध—**

आज दिनांक 06.11.2025 को 11:30 बजे थाना से 10 कि0मी0 उतर—पूरब ग्राम पकड़ीहार स्थित बूथ सं0 256 उत्क्रमित मध्य विद्यालय पकड़ीहार पर आर0जे0डी0 समर्थित 01 यूवक द्वारा वृद्ध लोगों को वोट दिलाने के नाम पर बार—बार स्वयं वोटिंग की जा रही थी जिसका विरोध भाजपा के पोलिंग एजेन्ट गोपाल कुमार एवं बसपा के पोलिंग एजेन्ट दीपक कुमार द्वारा किया गया।

सूचना पर अनु0पु0पदा0 कमतौल द्वारा 02 लोगों को निरुद्ध किया गया।
करीब 13:00 बजे निरुद्ध करने को लेकर राजद समर्थित लोगों द्वारा इकट्ठा होकर चौक पर हल्ला—गुल्ला किया गया था जिसे पुलिस द्वारा हटा दिया गया।

राजद समर्थित लोगों द्वारा दोनों पोलिंग एजेन्ट के घर पर जाकर उनके परिवार वालों को धमकी दी गई जिसके उपरांत दोनों पार्टी के पोलिंग एजेन्ट बूथ पर से हट गयें।
मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है।

2. **वैशाली :—राजद समर्थकों के द्वारा भाजपा समर्थकों के साथ मारपीट/जख्मी**

आज दिनांक 06.11.2025 को 15:30 बजे बिदुपुर थाना के ग्राम रजासन स्थित पंचायत कार्यालय भवन के बूथ सं0 34 एवं 35 से 150 मीटर दूर राजद समर्थित कार्यकर्त्ता मुन्ना एवं रमेश राय दोनों सा0 रजासन एवं अन्य के द्वारा वोट देने के विवाद को लेकर भाजपा समर्थक ग्रामीण सावन कुमार पिता अवधेश सिंह एवं अन्य के साथ लाठी—डंडे से मारपीट किया गया। इस घटना में सावन कुमार सहित 03 लोग जख्मी हो गयें।

तीनों जख्मियों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, विदुपुर में कराया गया है।

वर्तमान में बूथ सं0 34 एवं 35 पर वोट सूचारु रुप से चल रही है।

3. **वैशाली :— I.T.B.P की टीम पर हमलाः—**

आज दिनांक 06.11.2025 को 11:30 बजे जन्दाहा थाना के ग्राम कजरी भाट स्थित उत्क्रमित मध्य विद्याालय कजरी मतदान केन्द्र सं0— 53 पर दो पक्ष आपस में झगड़ा कर रहे थे। आइ0टी0बी0पी0 की टीम द्वारा बीच बचाव करने के क्रम में लोगों द्वारा पत्थर चला दिया गया।

इस घटना में आइ0टी0बी0पी0 के कम्पनी कमाण्डर की गाड़ी का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। वर्तमान में स्थिति नियंत्रित है।

गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

मतदान शांतिपूर्ण।

4. **सहरसाः—मतदान केन्द्र पर पुलिस से झड़पः—**

आज दिनांक 06.11.2025 को 11:45 बजे सौरबाजार थाना के ग्राम—रहुआ में मध्य विद्यालय स्थित मतदान केन्द्र सं0—365, 366 में ऑटो लेकर जा रहे व्यक्ति को रोकने पर पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई करने लगा।

आरोपी घटनास्थल से फरार हो गया है।

कांड सं0—368/25 दिनांक 06.11.2025 धारा—126(2)/115(2)/171(सी)/171(एफ)/352/351(2)/3(5) भा0न्या0सं0 अंकित किया गया है। गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है।

मतदान शांतिपूर्ण ।

5. **पटना :— राजद प्रत्याशी भाई वीरेन्द्र द्वारा पुलिस पार्टी पर पक्षपात का आरोपः—**

दिनांक 06.11.2025 को 08:30 बजे मनेर थाना के ग्राम—महिनावा स्थित मतदान केन्द्र सं0 79, 80 एवं 81 पर पुलिस पार्टी द्वारा पहचान पत्र जाँच करने का आरोप लगाकर राजद प्रत्याशी भाई वीरेन्द्र द्वारा विरोध किया गया।

मतदान शांतिपूर्ण ।

6. **सीवानः—भाजपा प्रत्याशी देवेश कांत सिंह का ग्रामीणों के द्वारा विरोधः—**

सीवान जिला के लकड़ी नवीगंज थानान्तर्गत ग्राम–लकड़ी लहेरा टोला के मतदान केन्द्र सं0–349 पर बुर्का पोश महिलाओं की चेकिंग पर भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान विधायक देवेश कांत सिंह द्वारा प्रश्न उठाये जाने पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। सूचना पर थानाध्यक्ष, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महराजगंज द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर जाँच की गई। मतदान शांतिपूर्ण

## वोट बहिष्कारः–

### 1. मुजफ्फरपुर :– अर्द्धनिर्मित पुल को लेकर वोट बहिष्कार

आज दिनांक 06.11.2025 को बेनीबाद थानाक्षेत्र के सुभाष कुनाई गांव के मध्य विद्यालय सुभाष केशव मतदान केन्द्र संख्या 161, 162, 170 के मतदाता पुल निर्माण नहीं होने के विरोध में मतदान का बहिष्कार किया गया तथा 60–70 की संख्या में जुट कर नारेबाजी भी की गई।

प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझा–बुझाकर मतदान सुचारु रूप से मतदान कराया गया।

### 2. मुजफ्फरपुर :– शमशान घाट निर्माण नही होने को लेकर वोट बहिष्कार/हंगामाः–

आज दिनांक 06.11.2025 को मनियारी थाना के ग्राम–मधौल स्थित मध्य विद्यालय मतदान केन्द्र सं0–113, 114, 115 के मतदाताओं द्वारा शमशान घाट निर्माण नही होने के कारण वोट बहिष्कार किया गया तथा 70–80 की संख्या में मतदान केन्द्र के बाहर 150 मीटर की दूरी पर हल्ला–हंगामा किया गया।

सेक्टर मजिस्ट्रट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर मौजूद है तथा लोगों को समझाया बुझाया गया, जिसके उपरांत शांतिपूर्ण मतदान कराया गया।

### 3. दरभंगाः–वोट बहिष्कारः–

आज दिनांक 06.11.2025 को तिलकेश्वर थाना से 20 कि0मी0 दक्षिण पश्चिम ग्राम–सुधराईन में रोड नही बनने के कारण मतदान केन्द्र सं0–284, 285, 286, 287 पर ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार किया गया।

थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा समझाने बुझाने पर मतदान केन्द्र सं0–284 एवं 285 पर 01–01 वोट दिया गया है तथा मतदान केन्द्र सं0–286 एवं 287 पर 02–02 वोट दिया गया है।

### 3. पटना :–वोट बहिष्कारः–

आज दिनांक 06.11.2025 को 12:29 बजे दीदारगंज थाना के ग्राम निजामपुर में मतदान केन्द्र सं0 165 एवं 166 प्राथमिक विद्यालय, निजामपुर पर ग्रामीणों द्वारा वोट बहिष्कार किया गया है।

सूचना पर थानाध्यक्ष, अनु0 पदा0, अनु0पु0पदा0, फतुहा एवं डी0सी0एल0आर0 के द्वारा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया गया।

वोट बहिष्कार का कारण भूमि विवाद में प्रशासन का सहयोग नहीं मिलना बताया गया है।

मतदान चालू कराने का प्रयास किया गया किंतु अभी तक मतदान की सूचना नही है।

**XXXX**